# बिहार विधान परिषद

**206वां बजट सत्र**

## 19 फरवरी 2024

----

: [**कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन** ].

**कुल प्रश्न 26**

----

### पुल का निर्माण का निर्माण

***14 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण के रक्सौल-सीतामढ़ी रेलखंड के लालबकेया नदी के महुआवा आफिस घाट पर पुल नहीं रहने के कारण रेलवे पुल से स्थानीय जनता नदी पार करती है, जिससे बराबर दुर्घटनाएं होती रहती है ;

(ख) क्या यह सही है घाट पर पुल का निर्माण वर्ष 2012 से ही जारी है लेकिन निर्माण अधूरा है, जिसके कारण स्थानीय जनता जान हथेली पर रखकर मोटरसाइकिल और माल असबाब कि साथ रेल पुल पार करने को मजबूर है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अधूरे पुल का निर्माण पूरा कराकर जनता को समर्पित करने का विचार रखती है ?

----

### बाईपास सड़क का निर्माण

***15 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर में एन.एच.-104 पर वाईपास सड़क नहीं रहने के कारण एन.एच.- 104 शहर होकर गुजरती है जिसके कारण शिवहर शहर में बराबर जाम की समस्या बनी रहती है एवं आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खडं का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार एन.एच.-104 पर फतहपुर मठ चौक से वसहिया राम होते हुए शिवहर–मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग सुन्दरपुर के समीप बाईपास सड़क का निर्माण कराने की विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## योजना का लाभ

***16 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में चल रही कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत सिर्फ गरीबी रेखा से नीचे (बी०पी०एल०) वालों को ही इसका लाभ दिया जाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में कई वर्षो से (बी०पी०एल०) सूची में नये लोगों को नहीं जोड़ा गया है, जिस कारण बहुत से वैसे परिवार जो वास्तविक रूप से इस योजना का लाभ लेने के योग्य है सिर्फ इस कारण लाभ हीं ले पाते क्योकि उनका नाम बी०पी०एल० सूची में नहीं है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार परिवार के राशन-कार्ड को आधार मानकर इस योजना का लाभ देने का विचार रखती है ?

----

## पदस्थापित पर विचार

***17 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पटना के पत्रांक 3026 दिनांक 15.10.2016 द्वारा Bear Foot Technician (BFT) स्क्रीनिंग परीक्षा में सफल 11 अभ्यर्थियों को 7 वर्ष बीतने के बाद प्रशिक्षण दिया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि विभागीय उदासीनता के कारण प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को एक वर्ष बीतने के बावजूद उन्हें प्रखंड में पदस्थापित नहीं किया गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त सभी खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार Bear Foot Technician (BFT) प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को कबतक प्रखंड में पदस्थापित करने का विचार रखती है ?

----

## पुल का निर्माण

***18 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है बेनीपट्टी प्रखंड के नगवास-केसूली के बीच बछराज नदी पर अब तक पुल का निर्माण नहीं किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि पुल के निर्माण नहीं होने के कारण दोनों गांव के बीच में काफी ज्यादा दूरी बढ़ जाती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त सभी खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगवास-केसली के बीच बछराज नदी पर पुल का निर्माण करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## वित्तीय अधिकार देने पर विचार

***19 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के स्थानीय निकायों में वार्ड सदस्यों को कोई भी वित्तीय अधिकार नहीं दिया गया है, जिस कारण वार्ड का विकास नहीं हो पा रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि वार्ड सदस्यों को वित्तीय अधिकार नही मिलने से गांव में वार्ड स्तर पर नली-गली, छोटी छोटी मरम्मती कार्य बाधित है ;

(ग) क्या यह सही है कि वित्तीय अधिकार नही होने के कारण उनमें असंतोष व्याप्त है ;

(घ) यदि उपर्युक्त सभी खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वार्ड सदस्यों को वित्तीय अधिकार देना चाहती है, जिससे उनके द्वारा भी विकास कार्य पूर्ण हो, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## प्रखंड सह अचंल कार्यालय का निर्माण

***20 प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि छपरा जिलान्तगर्त रिविलगंज का प्रखंड सह अंचल कार्यालय सामुदायिक भवन में चलता है ;

(ख) क्या यह सही है कि कार्यालय में प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों को बैठने की भी

जगह उपलब्ध नहीं है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंड 'क' एवं 'ख' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक, प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निर्माण करवाना चाहती हैं ?

----

## पी.सी.सी. सड़क का निर्माण

*21 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिले के बहादुरपुर प्रखण्ड अर्न्तगत ओझौल पंचायत (बल्लोपूर) के ग्राम-एकमीधाट स्थित प्राइमरी स्कूल से सराय सत्तार खां मुहल्ला (चमार टोली) तक सड़क जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि जर्जर सड़क के कारण बच्चों को स्कूल जाने में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक पी.सी.सी. सड़क का निर्माण करवाना चाहती हैं ?

----

## पुल का निर्माण

*22 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पुर्णिया जिले के देउरी ग्राम से मधेपुरा जिले के मजौरा घाट तक पक्की सड़क का निर्माण पूरा हो गया है लेकिन करमनचक घाट और नहर पर पुल के निर्माण नहीं होने से सड़क की सार्थकता आधी-अधूरी है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, क्या सरकार लोकहित में पुल का निर्माण अतिशीघ्र कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक?

----

## भुगतान सुनितश्चित करवाने

*23 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि स्व. श्याम नंदन कुमार, तकनीकी सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग, अंचल, समस्तीपुर की सेवाकाल में मृत्यु हुए एक वर्ष से अधिक बीत जाने के बावजूद उनके आश्रित पुत्र को एक पैसा का भुगतान नहीं हो पाया है, जिसके कारण मातृ-पितृ विहीन इस अनाथ बालक को बहुत कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि स्व. श्याम नंदन कुमार की पत्नी की मृत्यु पूर्व में ही हो चुकी है;

(ग) क्या यह सही है कि अब तक आश्रित एक मात्र पुत्र को अनुकंपा पर नौकरी भी नहीं मिली है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व. श्याम नंदन कुमार को सरकार द्वारा देय सभी प्रकार के भुगतान में हो रही विलंब को दूर करते हुए तुरंत भुगतान सुनिश्चित करवाना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## मानदेय में बढ़ोतरी

*24 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों में पंचायत समिति के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की गई है जबकि सभी तरह के प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि पंचायत समिति के सदस्यों में इसे लेकर मायुसी है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायत समिति के मानदेय में बढ़ोतरी करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पथ का पक्कीकरण

*25 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के पकरीबरावॉं प्रखंड के ग्राम पंचायत धमौल तक संपर्क पथ अब तक पक्कीकरण नहीं कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि बेलखुण्डा से ग्राम धमौल तक संपर्क पथ कच्चीया रहने के कारण बरसात के दिनों में जल-जमाव हो जाते हैं जिससे ग्रामीणों को अवागमन अवरूद्ध पड़ जाते है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्रामीणों के हित में उक्त कच्चीया पथ को पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## शस्त्र लाईसेंस देने पर विचार

***26 श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गृह विभाग के पत्रांक – 2454, दिनांक 10.03.2022 के माध्यम से त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों को शस्त्र लाईसेंस देने हेतु सभी जिलों में विशेष शिविर का आयोजन कर लाईसेंस संबंधी प्राप्त अभ्यावेदनों को निस्तारित करने का आदेश दिया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि पंचायती राज विभाग के निदेशक, डॉ रणजीत कुमार सिंह के विभागीय पत्रांक सं० – 2प/वि०-17-164/2022, 4574पं०रा०, पटना, दिनांक – 21.05.2022 के माध्यम से लाईसेंस निर्गत करने संबंधी प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त तथ्य सही और स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को अपने जान-माल की रक्षा करने हेतु शस्त्र लाईसेंस देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नही तो क्यों ?

----

## प्रखण्ड कार्यालय में पदाधिकारीयों की उपस्थिति

***27 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है गया जिला के मोहरा प्रखंड कजूर में BDO, CO नही बैठते है, जबकि रोज बैठने का नियम है;

(ख) क्या यह सही है कि 1999 से सरकार के नजर में BDO एवं CO का सिर्फ कागज पर ही पोस्टिंग किया जाता है और अपना खनापूर्ति करते है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडो का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कड़ी वयवस्था के साथ मोहरा प्रखंड कार्यालय मे पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को बैठाने का निर्णय लेना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क का निर्माण

***28 श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला अंतर्गत तरयानी प्रखंड के ग्राम बेलहिया मिडिल स्कूल से सुल्तानपुर तक सड़क की स्थिति खराब है जिसकी दूरी 2 किलोमीटर हैं।

(ख) क्या यह सही है कि सड़क का निर्माण हेतु शिवहर कार्य प्रमंडल का पत्रांक 1613 दिनांक 23.11.22 के तकनीकी स्वीकृति प्रदान हेतु मुख्य अभियंता 03 के पास लंबित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रस्तावित प्राक्कलन के तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर सड़क निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*29 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत किशनपुर रासमोहन चौक से हरदेव टोला तक गंगा नदी बांध पर लगभग 20 हजार की आबादी का आवागमन का एक मुख्य मार्ग है, जिसकी दूरी लगभग 6 किलोमीटर है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गंगा नदी बांध पर कालीकरण सड़क निर्माण नही हाने से बांध किनारे सटे गांव के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गंगा नदी बांध पर कालीकरण सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नही तो क्यों ?

----

## सड़क का पक्कीकरण

*30 **श्री आफाक अहमद (सारण शिक्षक ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प.चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड-सिकटा के ग्राम पंचायत सिरिसिया से महम्दवा गांव तक कच्ची सड़क है;

(ख) क्या यह सही है कि यह उक्त कच्ची सड़क बरसात के समय कीचड़ में तब्दील हो जाता है;

(ग) यदि पर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खण्ड़ 'क' में वर्णित कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नही तो क्यों ?

----

## सड़क का चौड़ीकरण एवं अतिक्रमण से मुक्त

*31 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जिला समस्तीपुर-शिवाजीनगर-बहेड़ी मार्ग पथ की कुल लम्बाई-लगभग 35 कि०मी० बहुल घनी आबादी प्रखंड कार्यालय से जिला कार्यालय जोड़ने वाली मुख्य सड़क है, जो लगभग 60 सालों के बाद भी किन्ही कारणों से इसका चौड़ीकरण नहीं हो पाया है एवं पथ निर्माण विभाग कि जमीन भी अतिक्रमित है;

(ख) क्या यह सही है कि इस सड़क पर वाहनों का आवागमन अत्यंत अधिक रहता है जिससे सड़क पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं अतिक्रमण मुक्त करना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## ब्रिज का निर्माण

*32 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत पुनपुन प्रखंड के मुसनापुर से छोटी टंगरैला पथ का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ के बीच पटना गया रेलवे लाईन पड़ता है जिसके चलते जथ मिस लिंक है, और रेलवे लाईन के पशिचम के लोगों को पटना-डोभी पथ पर आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पथ के बीच रेलवे लाईन के ऊपर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु पुल निर्माण निगम ने प्राक्कलन तैयार कर प्राशसनिक स्वीकृति के लिए विभाग को भेजा है, जो अभी तक लंबित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण अविलम्ब कराने हेतु प्राक्कलन की प्राशसनिक स्वीकृति देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

*33 **प्रो. (डा.) रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के फुलवारी शरीफ प्रखण्ड अंतर्गत पोस्ट-अनिशाबाद, थाना-बेउर, ग्राम- विसूनपुर पकड़ी में उदय किराना दुकान से हरेन्द्र कुमार सिंह के घर के आगे से गुजरने वाली सड़क की हालत दयनीय एवं जर्जर होने के कारण आमजनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जर्जर सड़क रहने के कारण स्थानीय नागरिकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक?

----

## सड़क का चौड़ीकरण एवं अतिक्रमण से मुक्त

*34 **श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अंम्बेदकर चौक (देवी सराय चौक) से 400 मीटर पश्चिम एकंगरसराय रोड (एन.एच. – 33) में देवी सराय पंचाने नदी के पूर्वी किनारे से शुरू होकर बियावानी गाँव (एन.एच. - 20) तक सड़क निर्माण लम्बी अवधि से प्रस्तावित एवं विचाराधीन है;

(ख) क्या यह सही है कि पंचाने नदी के किनारे एन.एच. – 33 से एन.एच. – 20 तक सड़क का निर्माण होने से नये बसावटों को एक नई सड़क मिल जाएगी तथा वाहनों का परिचालन हो सकेगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' एवं 'ख' में वर्णित सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्थाई सीढ़ी का निर्माण

*35 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अंतर्गत पंचायत कोटवा पट्टी रामपुर के समीप आवागमन करने के लिए अस्थायी सीढ़ी का निर्माण वर्ष 2017 में कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सीढ़ी पर प्रतिदिन पांच हजार लोगों का आवागमन होता है एवं राहगीर हमेशा दुर्धटनाग्रस्त होते रहते है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर अस्थायी सीढ़ी के स्थान पर स्थाई सीढ़ी का निर्माण करा कर सुचारू रूप से यातायात बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## रोड का निर्माण

***36 श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत नौहट्टा प्रखंड के चुटिया-खुखगा घाटी रोड का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि चुटिया-खुखगा घाटी रोड का निर्माण हो जाए तो वंहा के आदिवासी लोगों को स्वास्थ्य, शिक्ष एवं अन्य उपयोगी कार्यो लिए लगभग 70 किलोमीटर की दूरी कम हो जाती है;

(ग) क्या यह सही है कि चुटिया-खुखगा घाटी रोड का निर्माण नही होने के कारण लोग अभी भी नौहट्टा आने के लिए रोहतास प्रखंड होकर आते है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नौहट्टा प्रखंड के चुटिया-खुखगा घाटी रोड का निर्माण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## ब्रिज का निर्माण

***37 डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा स्थित बंगाली बाजार रेल समपार फाटक पर ओवर ब्रिज के निर्माण की जिम्मेदारी बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को दी गई है;

(ख) क्या यह सही है कि बंगाली बाजार रेल ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए जुलाई 2023 में ई-निविदा निकाली गई थी, ई-निविदा से जुड़े कागजात अपलोड करने की तिथि 16 अगस्त तय की गई थी और निविदा खोलने की तीथी 14 सितंबर तय की गई थी ;

(ग) क्या यह सही है कि बिना किसी कारण के बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा जनहित के इस महत्वपूर्ण सहरसा बंगाली बाजार ओवर ब्रिज के निर्माण में देरी की जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंगाली बाजार ओवर ब्रिज के निर्माण का शीध्र विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नही तो क्यों ?

----

## पशुओं में रिपिट ब्रीडिंग की समस्या

***38 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **पशु एवं मत्स्य संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के सकल धरेलु उत्पाद में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी

लगफग 18% है और इसमें सबसे बड़ा हिस्सा पशु पालन और दुध के क्षेत्र का है, बिहार के कमजोर वर्गो के रोजगार का भी यह सबसे बड़ा साधन है;

(ख) क्या यह सही है कि पशुओं का समय से गर्भ धारण नहीं होना, बार-बार टीके का उपयोग करना फिर भी लंबे समय तक गर्भ धारण नहीं होना, पशुपालकों की सबसे बड़ी समस्या है, इस रिपिट ब्रीडिंग से पशुपालक गंभीर कठिनाइ में है, यह कठिनाई बिहार के सभी भागो में है और इसका कारण बिहार चारे में, मिट्टी में एवं अन्य पशु खाद्य सामग्री, आवश्यक खनिज तत्वों की कमी बतलाई जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पशुओं में रिपिट ब्रीडिंग की समस्या का अध्यन किया है, अगर नहीं किया हो तो सरकार क्या इस अध्यन को करने का विचार रखती है जिससे कि पशुपालकों की स्थिति में सुधार हो सके ?

----

## कार्यान्वयन कबतक

*39 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **पशु एवं मत्स्य संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिल अंतर्गत बाढ़ अनुमंडल के मोकामा नगर परिषद् स्थापित श्री कृष्ण गौशाला, मोकामा तकरीबन तीन दशकों बाद स्थानीय प्रबुद्धजनों तथा अनुमंडल कार्यालय के सहयोग से पुनः संचालित हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि यहाँ स्थानीय प्रशासन के द्वारा गौ पशु भी रखे जा रहे हैं साथ ही पशुओं के आहार की व्यवस्था अक्टूबर 2023 से समिति के सदस्य व स्थानीय सामाजिक कार्यकर्त्ता के द्वारा किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि गौशाला के स्थापना काल में बने सभी भवन, शेड, चहारदीवारी, गेट वगैरह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(ध) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री कृष्ण गौशाला, मोकामा के संचालन, संवर्धन एवं उन्नयन हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार कर सरकारी स्तर पर कार्यान्वयन कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नही तो क्यों ?

----